# पहल सर्वेक्षण के आंकड़ों पर मंथन, दक्षता आधारित आकलन पर जोर




**बड़कोट ( उत्तरकाशी )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बड़कोट में मंगलवार को 'पहल' सर्वेक्षण पर आधारित एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, पेडागोजी, बीआरपी-सीआरपी तथा डाइट के संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

बैठक की अध्यक्षता डाइट के प्राचार्य संजीव जोशी ने की। उन्होंने दक्षता एवं सीखने के प्रतिफलों पर जोर देते हुए कहा कि जनपद के सभी विद्यालयों में दक्षता आधारित आकलन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रत्येक बच्चे के सीखने के प्रतिफल को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों को समग्र प्रयास करने की आवश्यकता है।

बैठक में 'पहल' सर्वेक्षण के आंकड़ों पर प्रतिभागियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. सुबोध सिंह बिष्ट, अरशद अंसारी और अमरेंद्र असवाल ने 'पहल' सर्वेक्षण के विभिन्न पक्षों पर प्रभावी एवं सारगर्भित प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विद्यालयों में सीखने के स्तर में सुधार के लिए आवश्यक कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में डाइट के प्रवक्ता सुशील चंद्र जोशी, बबीता सजवाण, रिचा उनियाल, गोपाल राणा, टीकाराम सिंह रावत, अरविंद चौहान और शांति रतूड़ी समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संचालन संस्थान के प्रवक्ता बृजेश कुमार मिश्रा ने किया। समापन की घोषणा डाइट प्राचार्य संजीव जोशी ने की।


(उत्तरकाशी)
प्रशिक्षण संस्थान
समीक्षा बैठक
GRADE 09
READINESS LEVELS
GRADE READY
PARTIALLY READY
NEEDS REMEDIATION
HINDI 74% 28% 65% 7%
MATHS 62% 33% 16% 43%
SCIENCE 35% 18% 30%
DIET.BKT ②
T.E./IFIC/2024-25


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
NIPUN BHARAT
समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट, उत्तरकाशी
संकुल स्तरीय मासिक अकादमिक बैठकों की
जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक
स्थानः बहुउद्देशीय भवन, डाइट बड़कोट
समय/दिनांक: दिनांक २५ अगस्त 2026
“ शिक्षित समाज, सशक्त राष्ट्र ”
DIET.BKT
T.E./IFIC/2024-25


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
KYS